तापमान

अधिकतम 36 .4 डिग्री
न्यूनतम 23 .9 डिग्री

# हरिभूमि जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार, 16 सितंबर 2025



12 कांग्रेस कार्यकर्ताओं का छलका दर्द, बोले...





12 योग साधक मीनाक्षी वालिया ने चेस चैंपियनशिप ..




## खबर संक्षेप

### रेलवे स्टेशन के बाहर व्यक्ति का शव मिला

**घरौंडा।** रेलवे स्टेशन के बाहर सोमवार सुबह एक अधेड़ व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक व्यक्ति की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार वह कबाड़ उठाने का कार्य करता था।

सुबह टहलने निकले लोगों ने रेलवे स्टेशन के समीप सड़क किनारे रखी सार्वजनिक बैंच पर अधेड़ उम्र के व्यक्ति को अचेत अवस्था में देखा।

### शादी का झांसा देकर युवती को किया अगवा

**यमुनानगर।** शादी का झांसा देकर युवती को अगवा करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी व युवती की तलाश शुरू कर दी है। जिले के थाना छछरौली क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी 21 वर्षीय बेटी गत 13 सितंबर की शाम को अचानक घर से लापता हो गई। उन्होंने उसकी तलाश की तो पता चला कि उनकी बेटी को अभिषेक नाम का युवक शादी का झांसा देकर कहीं अगवा करके ले गया है।

### आंगनबाड़ी केंद्र से हजारों का सामान चोरी

**यमुनानगर।** गांव कुंजल जट्टान में चोरों ने आंगनबाड़ी का ताला तोड़कर हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्जकर जांच शुरु कर दी। गांव कुंजल जट्टान निवासी अमीना बेगम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह दोपहर के समय बच्चों की छुट्टी करके घर चली गई थी। सुबह के वक्त वह आंगनबाड़ी केंद्र में पहुंची तो वहां से 15 किलो गेहूं, दो किलो सोयाबीन, सात किलो सोयाबडीए,आठ किलो कच्ची मुंगफली व हजारों रुपये की अन्य खाद्य सामग्री गायब थी। उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

### रिटायर्ड पुलिस संगठन कल करेंगे प्रदर्शन

**कुरुक्षेत्र।** रिटायर्ड पुलिस संगठन कुरुक्षेत्र से जुड़े सभी रिटायर्ड पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक संगठन के कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक के बाद जानकारी देते हुए । रिटायर्ड पुलिस संगठन कुरुक्षेत्र के प्रधान महेंद्र सिंह ने बताया कि इंस्पेक्टर राजेश कुमार जोकि कैथल में मोहित अग्रवाल एडिशन सेशन जज की अदालत में गवाही देने के लिए आया था। रिटायर्ड पुलिस संगठन कुरुक्षेत्र 17 सितंबर बुधवार को सुबह 10 बजे उपायुक्त कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन करेगा।

### पानीपतः बाइक के साथ चोर पकड़ा



**पानीपत।** सीआईए श्री पुलिस टीम ने बाइक चोरी करने के आरोपी कुरुक्षेत्र पीपली निवासी आमिर खान पुत्र मेहरबान को गिरफ्तार किया है। सीआईए श्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि बाइक चोरी की उक्त वारदात बारे थाना शहर में औदयोगिक क्षेत्र इंद्रा कॉलोनी निवासी आशीष पुत्र धर्मपाल की शिकायत पर केस दर्ज है।

### बिलासपुर निवासी यमुना में डूब गया

**पानीपत।** पानीपत के गांव बिलासपुर निवासी जयवीर यमुना नदी के पानी में लापता हो गया। वहीं, जयवीर विवाहित है और एक बच्चे का पिता है। जयवीर के यमुना नदी के पानी में लापता होने की सूचना मिलने पर पुलिस ने गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश शुरू करवाई है। पुलिस चौकी इंचार्ज बलेश ने बताया कि जयवीर की यमुना नदी के पानी में तलाश की जा रही है।

---

**शहजादपुर अनाज मंडी में बवाल : धान की खरीद को लेकर किसान-आढ़ती भिड़े**

# किसानों ने मंडी के गेटों पर ताले लगाकर हाईवे कब्जाया

### 12 घंटे तक किसान हाईवे पर डटे रहे

*किसानों ने आढ़तियों के व्यवहार से निराश होकर रविवार रात 11 बजे अनाज मंडी के गेटों पर ताला जड़ दिया। समस्या का समाधान न होने पर रात में किसानों ने राष्ट्रीय राजमार्ग 72 पर बीच सड़क पर ट्रैक्टर ट्रॉलियां लगाकर हाईवे जाम कर दिया।*



- आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान पर दुर्व्यवहार करने का आरोप
- एसडीएम के आश्वासन पर जाम खोलने को राजी हुए किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

अनाज मंडी में धान की खरीद को लेकर किसान व आढ़ती भिड़ गए। इसी वजह से किसानों ने आढ़तियों के व्यवहार से निराश होकर रविवार रात 11 बजे अनाज मंडी के गेटों पर ताला जड़ दिया। समस्या का समाधान न होने पर रात में किसानों ने राष्ट्रीय राजमार्ग 72 पर बीच सड़क पर ट्रेक्टर ट्रॉलियां लगाकर हाइवे जाम कर दिया। हाइवे जाम होने से ट्रैफिक जाम हो गया। इसकी वजह से हाइवे पर वाहनों की लंबी लाइनें लग गई। हालांकि पुलिस ने बाद में वैकल्पिक सड़कों से वाहनों को निकाला। पुलिस और मार्केट कमेटी के अधिकारियों के समाझाने के बावजूद किसान धान की खरीद को लेकर अड़े रहे। सोमवार दोपहर तक किसान हाइवे पर जाम लगाकर बैठे रहे। एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर किसानों को समझाया। करीब बारह घंटे के बाद किसान जाम खोलने को राजी हुए।



**शहजादपुर।** किसानों को समझाती एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

### एसडीएम ने मध्यस्थता करते हुए दोनों ओर के लोगों को समझाया

एसडीएम ने मार्केट कमेटी कार्यालय में किसानों और आढ़तियों को बातचीत के लिए बुलाया। यहां आढ़तियों और किसानों के बीच जमकर बहसबाजी हुई। एक बार तो नौबत झगड़े तक आग गई। एसडीएम ने मध्यस्थता करते हुए दोनों ओर के लोगों को समझाया और समस्या का समाधान करने के लिए बोला। एसडीएम से बातचीत के दौरान किसानों ने कहा कि जब तक धान की सरकारी बोली शुरू नहीं होती है तब तक जो धान अनाजमंडी में आ रही है उसकी तुलाई व भराई करके मंडी में लगवाया जाए। बोली के समय इलेक्ट्रोनिक कांटे से तुलाई होनी चाहिए। प्रधान आढती एसोसिएशन अनाजमंडी शहजादपुर जगदीप सिंह बब्बू ने किसानों के साथ अभद्र व्यवहार किया था। उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए।

### किसानों में आढ़तियों के खिलाफ रोष व्यक्त किया

अनाजमंडी में धान की आवक शुरू हो गई। रविवार को भी कुछ किसान अपनी फसल लेकर अनाज मंडी पहुंचे थे। यहां आढ़तियों द्वारा फसल को सुखाना शुरू कर दिया गया। शाम को जब किसानों ने धान की तुलाई के लिए आढ़तियों को बोला तो उन्होंने तुलाई करने से मना कद दिया। इसके बाद किसानों और आढ़तियों में जमकर बहसबाजी हुई। किसानों में आढ़तियों के खिलाफ रोष व्याप्त हो गया। किसानों ने रविवार करीब आठ बजे अनाज मंडी के गेटों पर ताला जड़ दिया। किसानों का कहना था कि जिस आढ़ती ने किसानों के साथ गलत व्यवहार किया है उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए। साथ ही यह मांग भी रखी जो किसान मंडी में अब तक अपनी फसल लेकर पहुंचे उसकी खरीद की जाए।

### जाम से हाईवे पर वाहनों की लंबी लाइनें लग गई

अनाज मंडी में धान की खरीद को लेकर किसान व आढ़ती भिड़ गए। इसी वजह से किसानों ने आढ़तियों के व्यवहार से निराश होकर रविवार रात 11 बजे अनाज मंडी के गेटों पर ताला जड़ दिया। समस्या का समाधान न होने पर रात में किसानों ने राष्ट्रीय राजमार्ग 72 पर बीच सड़क पर ट्रैक्टर ट्रॉलियां लगाकर हाईवे जाम कर दिया। हाइवे जाम होने से ट्रैफिक जाम हो गया। इसकी वजह से हाइवे पर वाहनों की लंबी लाइनें लग गई। हालांकि पुलिस ने बाद में वैकल्पिक सड़कों से वाहनों को निकाला। पुलिस और मार्केट कमेटी के अधिकारियों के समझाने के बावजूद किसान धान की खरीद को लेकर अड़े रहे। सोमवार दोपहर तक किसान हाइवे पर जाम लगाकर बैठे रहे।

### करीब 12 घंटे के बाद किसान जाम खोलने को राजी हुए

एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर किसानों को समझाया। करीब बारह घंटे के बाद किसान जाम खोलने को राजी हुए। दरअसल पिछले कुछ दिनों से अनाजमंडी में धान की आवक शुरू हो गई। रविवार को भी कुछ किसान अपनी फसल लेकर अनाज मंडी पहुंचे थे। यहां आढ़तियों द्वारा फसल को सुखाना शुरू कर दिया गया। शाम को जब किसानों ने धान की तुलाई के लिए आढ़तियों को बोला तो उन्होंने तुलाई करने से मना कद दिया। इसके बाद किसानों और आढ़तियों में जमकर बहसबाजी हुई। किसानों में आढ़तियों के खिलाफ रोष व्याप्त हो गया। किसानों ने रविवार करीब आठ बजे अनाज मंडी के गेटों पर ताला जड़ दिया। किसानों का कहना था कि जिस आढ़ती ने किसानों के साथ गलत व्यवहार किया है।

---



**यमुनानगर।** ट्रेन की चपेट में आने से हुई युवक की मौत के मामले में परिजनों के ब्यान दर्ज करते हुए रेलवे पुलिस। फोटो : हरिभूमि

## रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आया युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

सहारनपुर-अंबाला रेलवे मार्ग पर जगाधरी वर्कशॉप से दराजपुर रेलवे स्टेशन के बीच रेलवे लाइन पार करते समय एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। रेलवे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और मामले में कार्रवाई शुरू कर दी। राजकीय रेलवे पुलिस के जांच अधिकारी नवीन कुमार ने बताया कि सोमवार सुबह उन्हें सूचना मिली थी कि जगाधरी वर्कशॉप से दराजपुर रेलवे स्टेशन के बीच ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई है। सूचना मिलते ही वह अन्य कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे तो एक युवक का शव पूरी तरह से क्षत विक्षत हालत में पड़ा हुआ था। उन्होंने मृतक के बारे में आसपास के लोगों से पूछताछ की तो उसकी पहचान गांव हसनपुरा निवासी रवि (35) के रुप में हुई। मृतक की शिनाख्त होने पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और कार्रवाई शुरू कर दी।

### मोबाइल पर काम करके लाभ कमाने के नाम पर धोखाधड़ी, चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला पुलिस ने मोबाइल पर काम करके लाभ कमाने के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के मार्ग-निर्देश में थाना साइबर क्राइम कुरुक्षेत्र टीम ने मोबाईल पर काम करके लाभ कमाने के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में महीपाल वासी दही खेडा, सचिन वासी सालवा जिला जोधपुर, सुनील कासनिया वासी डिणरना जिला ब्यावर व राहुल वासी सामलपुरा जिला जयपुर राजस्थान को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने बताया कि थाना साइबर क्राइम कुरुक्षेत्र में दी अपनी शिकायत में विवेक वाधवानी वासी गनीयाल जिला चमौली उत्तराखंड हाल वासी एनआईटी कुरुक्षेत्र ने बताया कि 17 मई को अनजान कॉल आई। कॉल करने वाले ने उसको बताया कि वह उनके साथ काम करे तो उसको काफी लाभ होगा। हर महीने पर कमीशन अलग से मिलेगा इसके बाद फोन पर करने वाले ने जैसे उसको कहा उसने वैसा किया और उससे मुनाफा कमाने का लालच देकर करीब 63 हजार रुपये अपने खाते में जमा करवा लिए।

---

**इंजीनियर केवल व्यवसाय नहीं, राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम**

## देश की प्रगति में इंजीनियर्स की अहम भूमिकाः हरविंद्र कल्याण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि देश की प्रगति की रीढ़ में इंजीनियर का अहम योगदान होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में उन्नति के पथ पर अग्रसर है। इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत हुआ है। सडक़ , रेल व हवाई मार्ग की दिशा में मजबूत काम हुआ है। विधानसभा अध्यक्ष सोमवार को अंबाला शहर के पंचायत भवन के सभागार में रिटायर्ड इंजीनियर एसोसिएशन द्वारा आयोजित इंजीनियर दिवस के कार्यक्रम पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे। । इस अवसर पर उनके साथ धर्मपत्नी रेशमा कल्याण भी मौजूद रहीं। इस मौके पर उन्होंने 85 वर्ष व 75 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के इंजीनियरों को सम्मानित भी किया। यहां पहुंचने पर मुख्य अतिथि का इंजीनियर एसोसिएशन ने पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिन्दन किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर दिनेश जिंदल ने शिरकत की। विधानसभा अध्यक्ष कल्याण ने इस मौके पर भारत रत्न एम विश्वेश्वरैया को नमन करते हुए अपने संबोधन में कहा कि एसोसिएशन द्वारा इंजीनियर दिवस पर यहां पर आयोजित कार्यक्रम की सराहना की। कहा कि यहां पर आकर उन्हें आनंद की अनुभूति हुई है। उन्होंने कहा कि भारतरत्न एम विश्वेश्वरैया उच्च कोटि के इंजीनियर थे।



**अंबाला।** रिटायर्ड इंजीनियर्स एसोसिएशन के कार्यक्रम में बुजुर्ग इंजीनियर्स को सम्मानित करते विस अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण। फोटो : हरिभूमि

### गाड़ी सं. 64563 के लेट आने से नाराज यात्रियों ने जिंदल को सुनाया दुखड़ा

**बराड़ा।** बराड़ा- अंबाला से चंडीगढ़ के बीच यात्रा करने वाले हजारों दैनिक यात्रियों को इन दिनों भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इससे परेशानी दैनिक यात्रियों ने बीते दिवस यात्री धर्मवीर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सांसद नवीन जिंदल से मुलाकात कर अपनी समस्या बताई। उन्हें लिखित में मांगपत्र भी सौंपा। उन्होंने बताया कि पहले सहारनपुर, यमुनानगर और अंबाला से चंडीगढ़ आने-जाने वाले सरकारी कर्मचारी, निजी कर्मचारी, छात्र-छात्राएं व पीजीआई के मरीज ट्रेन नंबर 64563 पर निर्भर रहते थे। यात्रियों ने बताया कि पहले यह ट्रेन अंबाला कैंट से चंडीगढ़ के लिए अंबाला कैंट से सुबह 7:40 बजे समय पर चलती थी। जब से रेलवे मंडल ने अंबाला से इसका विस्तार रायपुर हिसार तक किया है। तब से यह ट्रेन देरी से स्टेशन पर पहुंचती है।

- ट्रेन लेट होने की वजह से जा चुकी प्राइवेट नौकरी

---

**ताबड़तोड़ गोलियां चलने से क्षेत्र में दहशत**

## शराब के ठेके व एक घर के बाहर नकाबपोश बदमाशों ने की फायरिंग

- दूसरा फायर करने लगे तो बंदूक अटक गई और जिंदा कारतूस मौके पर गिर गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

रविवार रात्रि लाडवा बस अड्डे के सामने बने शराब के ठेके पर सिल्वर रंग की सिप्लेंडर मोटरसाइकिल पर सवार तीन नकाबपोश युवकों ने लगभग 11 बजे ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। करिंदा रमेश कुमार ने बताया कि रविवार रात तीन नकाबपोश युवक सिल्वर मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए और अचानक गोलियां बरसानी शुरू कर दीं। वहीं घटना के बाद तीनों बदमाश मोटरसाइकिल पर सवार होकर वार्ड नंबर 12 पालिका बाजार के नीचे बढ़े और वार्डवासी अनिल चावला के घर के पास भी एक फायर किया। हालांकि, जब दूसरा फायर करने लगे तो उनकी बंदूक अटक गई और एक जिंदा कारतूस मौके पर गिर गया। इसके बाद तीनों बदमाश मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस व डायल 112 की टीम घटनास्थल पर पहुंची। सीन ऑफ क्राइम टीम ने मौके से ठेके से चार खोल व वार्ड 12 से एक जिंदा कारतूस बरामद कर सबूत जुटाए। वहीं लाडवा थाना प्रभारी जगदीश चंद ने बताया कि तीनों नकाबपोश युवकों की पहचान करने व उन्हें पकड़ने के लिए पुलिस पूरी तरह से सक्रिय है।



**लाडवा।** फायरिंग के बाद पुलिस जांच करती हुई। फोटो : हरिभूमि

---

**कार्यक्रम** श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम आयोजित

## सीएमई चिकित्सकों व शोधार्थियों को अद्यतन ज्ञान अर्जित करने का अवसरः प्रो. वैद्य करतार सिंह

### विशेषज्ञों ने अनुभवों और शोध निष्कर्षों का गंभीरता से अध्ययन करने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि शालाक्य तंत्र आयुर्वेद की वह महत्वपूर्ण विभाग है, जिसके अंतर्गत कान, नाक, गला एवं नेत्र संबंधी रोगों का निदान और उपचार किया जाता है। उन्होंने कहा कि सतत चिकित्सा शिक्षा (उटए) जैसे कार्यक्रम चिकित्सकों और शोधार्थियों को अद्यतन ज्ञान उपलब्ध कराने के साथ-साथ परंपरागत आयुर्वेद और आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के समन्वय का अवसर भी प्रदान करते हैं। प्रो. धीमान ने प्रतिभागियों का आह्वान किया कि वे विशेषज्ञों द्वारा साझा किए गए अनुभवों और शोध निष्कर्षों का गंभीरता से अध्ययन करें और उन्हें व्यावहारिक चिकित्सा में प्रभावी ढंग से लागू करें, ताकि रोगियों को अधिकतम लाभ पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक आयोजन चिकित्सा क्षेत्र में गुणवत्ता, शोध और व्यवहारिक दक्षता को नए आयाम प्रदान करते हैं। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. ब्रिजेंद्र सिंह तोमर, डीन एकेडमिक अफेयर प्रो. जितेश कुमार पंडा, आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के प्राचार्य प्रो.आशीष मेहता,शालाक्य तंत्र विभाग की चेयरपर्सन प्रो. आशु, प्रो. मनोज तंवर, प्रो. रविराज, प्रो. कृष्ण कुमार, प्रो. रविंद्र अरोड़ा और प्रो. दीप्ति पराशर और प्रो. नीलम समेत अन्य मौजूद रहे।



**कुरुक्षेत्र।** प्रतिभागियों को संबोधित करते कुलपति प्रो . वैद्य करतार सिंह धीमान।

### लंबे समय तक ईयरफोन का इस्तेमाल घातक साबित हो सकता हैः प्रो. भारद्वाज

कार्यक्रम के पहले सत्र में राजीव गांधी राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज पपरोला के शालाक्य तंत्र विभागाध्यक्ष प्रो. बिज्यंत भारद्वाज ने कर्णनाद (कान में आवाज आना) विषय पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आजकल लंबे समय तक ईयरफोन का इस्तेमाल करने वाले युवाओं में यह समस्या अधिक देखी जा रही है। इसके अलावा मानसिक रोग, अवसाद, आघात और एनीमिया भी इसके प्रमुख कारण हैं। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद में कर्णपूर्ण, बस्ति और औषधीय उपचार से कर्णनाद के मामलों में सकारात्मक परिणाम मिलते हैं। अपने दूसरे सत्र में प्रो. भारद्वाज ने नाक से खून बहने (एपिस्टैक्सिस) पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह समस्या प्रायः आघात, ट्यूमर और उच्च रक्तचाप के कारण उत्पन्न होती है। समय रहते पहचान और उपचार से गंभीर जटिलताओं से बचा जा सकता है।

### मोहित हत्याकांड में पांच लोग पकडे

**पानीपत।** पानीपत के गांव रेरकलां के खेतों में बंधक बनाकर 21 वर्षीय मोहित की पीट पीट कर हत्या करने के केस में थाना सदर पुलिस ने रिंकू निवासी बतरा कॉलोनी, दीवान नगर कच्चा कैंप निवासी सुमित व विक्रम उर्फ विक्की, गांव दीवाना निवासी गगन व मुखिजा कालोनी निवासी युवराज को गिरफ्तार किया है। डीएसपी राजवीर सिंह ने बताया कि पांचों आरोपियों ने पहले गिरफ्तार हो चुके अपने चार साथी आरोपियों सुरेश, सौरभ उर्फ धोला, जतिन उर्फ चीता, राहुल उर्फ काला व फरार अन्य कई साथी आरोपियों के साथ मिलकर मोहित की हत्या करना स्वीकारा है। वहीं, इस केस में थाना सदर में पसीना कला गांव निवासी अजय की शिकायत पर केस दर्ज है।



### आयुक्त ने निगम अधिकारियों के साथ सब्जी मंडी का किया औचक निरीक्षण

# सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने व जीरो वेस्ट बनाने में निगम प्रशासन का करें

**निरक्षण के दौरान निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने संबंधित अधिकारियों को दिए सब्जी मंडी में सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने के निर्देश**



यमुनानगर। यमुनानगर की सब्जी मंडी में सफाई व्यवस्था का जायजा लेते निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद व अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत नगर निगम यमुनानगर जगाधरी के निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने अन्य अधिकारियों के साथ शहर की सब्जी मंडी का निरीक्षण कर किया। उन्होंने मंडी की सफाई व्यवस्था जांची। उन्होंने सब्जी और फल विक्रेताओं से बातचीत की और उन्हें पॉलीथिन का उपयोग न करने और खुले में कचरा न डालने के निर्देश दिए।

नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद सुबह के वक्त निगम के मुख्य सफाई निरीक्षक हरजीत सिंह समेत अन्य अधिकारियों के साथ सब्जी मंडी पहुंचे। यहां उन्होंने सफाई व्यवस्था जांची। जहां गंदगी मिली उसकी सफाई कराई गई। उन्होंने सब्जी और फल विक्रेताओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग न करने, दो डस्टबिन रखने, खुले में गंदगी न डालने व शहर को जीरो वेस्ट बनाने में निगम का सहयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी को अपने आसपास के क्षेत्र को साफ रखने का आह्वान किया। साथ ही सड़कों पर अपना सामान न रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाएं। सफाई के बाद सभी स्थानों से कचरा उठाया जाए। मौके पर निगम अधिकारी विनोद बेनीवाल, अनिल नैन, निगम अभियंता मृणाल जयसवाल, मुनेश्वर भारद्वाज व सुरेंद्र दहिया आदि मौजूद रहे।

#### कचरा इधर उधर न फेंकें

उन्होंने कहा कि सरकार के निर्देशों पर हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। शहर में जहां भी गंदगी, सीएंडडी वेस्ट, ईंट, पत्थर, रोडे व अन्य कचरा नजर आए उसे तुरंत साफ कराएं। इस अभियान में शहरवासी भी निगम का सहयोग करें। घरों में सूखा व गीला कचरा अलग अलग एकत्रित कर निगम के वाहनों में ही डाले। कचरा इधर उधर न फेंकें। पॉलीथिन का इस्तेमाल न करें। रियुज होने वाली प्लास्टिक को कचरे में फेंक कर कबाड़ी को बेचें। सभी शहरवासी अपने क्षेत्र, वार्ड और शहर को जीरो वेस्ट बनाएं। कचरा केवल निगम के वाहनों में ही डालें। खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा न बनाएं।

# समाधान शिविर में आई बारह शिकायतें, ज्यादातर निपटाई

### जिला सचिवालय में जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर का आयोजन

- नगराधीष पीयूष गुप्ता ने शिविर में सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला सचिवालय में सोमवार को जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नगराधीश पीयूष गुप्ता ने लोगों की शिकायतें सुनी।

समाधान शिविर में नगराधीश के समक्ष 12 शिकायतें आई। जिनका अधिकांश का मौके पर समाधान किया गया और शेष को संबंधित अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए गए। नगराधीश पीयूष गुप्ता ने बताया कि समाधान शिविर में 12 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। जिसमें हमीदा निवासी रविता ने विधवा पेंशन लगवाने बारे, कैम्प निवासी बहादुरमल ने अपने प्लॉट के पास रास्ता बनवाने बारे, जगाधरी निवासी गुरनाम सिंह मान ने हाउस टैक्स ठीक करवाने बारे, नहर कॉलोनी निवासी कुसुम ने आवारा कुत्तों से निजात दिलवाने बारे, जगाधरी वर्कशॉप निवासी पूजा त्रिखा ने राजस्व विभाग से जमीनी कार्य करवाने बारे, जगाधरी निवासी अमित कुमार ने राशन कार्ड बनवाने बारे, छछरौली निवासी गफूर ने अवैध कब्जा छुड़वाने बारे, यमुनानगर निवासी आशीष विग ने बिजली का कनेक्शन कटवाने बारे, जगाधरी निवासी अंकित गुप्ता ने नगर निगम की भूमि पर अतिक्रमण को हटवाने बारे, यमुनानगर निवासी मोहम्मद हारून ने रिहायसी प्लॉट की रजिस्ट्री की नकल बनवाने बारे समस्या रखी।



यमुनानगर। जिला सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते नगराधीश। फोटो : हरिभूमि

#### समस्याओं का मौके पर ही निपटान करने का है प्रयास

नगराधीष पीयूष गुप्ता ने बताया कि समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं को मौके पर ही निपटान करने का भरसक प्रयास है। प्रदेश सरकार के दिशा निर्देशन में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में अब बदलाव किया गया है। अब ये शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। पूर्व की भांति जिला व उपमंडल दोनों स्तरों पर शिविर का आयोजन होगा। जिला स्तरीय समाधान शिविर जिला सचिवालय के सभागार में तथा उपमंडल स्तर के समाधान शिविर व्यासपुरए छछरौली व रादौर में स्थित एसडीएम कार्यालय में आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य है जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करनाए ताकि समस्याओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुलझाया जा सके। मौके पर डीएसपी कंवलजीत सिंह व एडीआईओ पारस और अधीक्षक अतुल आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### युवा वर्ग नशे जैसी बुराइयों से दूर रहें : रणधीर सिंह

**रादौर।** शहीद भगत सिंह मोर्चा के तत्वावधान में सोमवार को कस्बा में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मोर्चा के अध्यक्ष रणधीर सिंह चौधरी ने मुख्यातिथि के रूप में दीप प्रज्जवलित करके किया। मुख्यातिथि एवं मोर्चा के अध्यक्ष रणधर सिंह चौधरी ने युवाओं को आहवान किया कि वह नशा आदि सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर अपने भविष्य को संवारने का काम करें। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस युवाओं के सम्मान के लिए मनाया जाता है।

### पौधरोपण कर कल मनाया जाएगा पीएम का जन्मदिन

**रादौर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन 17 सितंबर को मंधार में पौधारोपण करके मनाया जाएगा। उक्त जानकारी गुरुकुल कुरुक्षेत्र के वाइस चेयरमैन एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मास्टर सतपाल ने दी। मास्टर सतपाल ने बताया कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन है। जिसे लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह है। इस बार भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंधार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन पौधारोपण करके मनाने का निर्णय लिया है।

### विद्यार्थियों को समझाया हिंदी भाषा का महत्व

**रादौर।** श्यामा पब्लिक स्कूल धौडंग में हिंदी पखवाड़ा दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्या मनीषा ने बच्चों को हिंदी भाषा के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है। विद्यार्थियों की बोलचाल और लेखन में अच्छी पकड़ होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें अपनी मातृभाषा हिंदी की गरिमा बनाए रखनी चाहिए।

# सम्मेलन की तैयारियों को लेकर किया मंथन

- अखिल भारतीय किसान सभा रादौर के सदस्यों की चमरौड़ी में आयोजित हुई बैठक
- सभा के प्रधान वेदपाल ने की बैठक की अध्यक्षता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

अखिल भारतीय किसान सभा के सदस्यों की चमरौड़ी में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 27 सितंबर को रादौर की शहीद उधम सिंह धर्मशाला में आयोजित किए जा रहे दूसरे जिला स्तरीय सम्मेलन की तैयारियों के बारे में विचार विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रधान वेदपाल ने की।

प्रधान वेदपाल और जरनैल सिंह सांगवान ने कहा कि सम्मेलन का उद्घघाटन किसान सभा हरियाणा के राज्य प्रधान मास्टर बलबीर सिंह करेंगे। उन्होंने बताया कि इसी दिन शहीद भगत सिंह की जयंती भी श्रद्धापूर्वक मनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण कॉर्पोरेट प्रस्त नीतियों का ही परिणाम है कि खाद, बीज, दवाइयां,मशीनरी, बाजारए कृषि बीमा, पक्के माल सभी पर प्राइवेट मल्टीनेशनल कंपनियों का ही दबदबा है। डब्ल्यूटीओ व विश्व बैंक जो कि अमेरिका के दबाव में ही अन्य विकासशील देशों को लूटने की नीतियां बनाते हैं। आज हमारे सामने है कि अमेरिका की ट्रंप सरकार भारत पर टैरिफ पर टैरिफ थोप रही है। बाढ़ राहत के नाम पर सरकार किसानों से मजाक करना बंद करे। प्रति एकड़ कम से कम जल्दी गिरदावरी करवाकर 60 हजार रुपये मुआवजा दिया जाए। बाढ़ राहत मुआवजा पीड़ित मजदूरों व पशुपालकों को भी मिलना चाहिए। सभी किसानों,मजदूरों को कर्ज मुक्त किया जाए।



यमुनानगर। चमरौड़ी में आयोजित अखिल भारतीय किसान सभा के सदस्यों की बैठक में भाग लेते सदस्य। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

मौके पर जिला सचिव महिपाल चमरोडी ने कहा कि स्मार्ट मीटर योजना का पुरजोर विरोध किया जाएगा। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों को लूटने की योजना हैए इसको बंद करके सरकार पूरी भरपाई करे। मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल बंद किया जाए। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द धान की खरीद सुनिश्चित किया जाए। बैठक में प्यारेलाल तंवर, संजय, यशपाल व सुखबीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# शिविर में 45 युवाओं ने किया रक्तदान

- ग्राम पंचायत व ग्रामीणों द्वारा गांव मंधार में रक्तदान शिविर का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

ग्राम पंचायत मंधार द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से गांव में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्यातिथि के रुप में हरियाणा नंबरदार एसोसिएशन के प्रांतीय प्रवक्ता शिव कुमार संधाला ने भाग लिया। उन्होंने रक्तदाताओं को बैज लगाकर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। मौके पर मुख्य रुप से मंधार के मदन कुमार व राझेड़ी के रवि कुमार ने अपना पूर्ण सहयोग दिया। रक्तदान शिविर में शहीद उधम सिंह चैरिटेबल ब्लड बैंक जगाधरी की टीम ने रक्तदाताओं से 45 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि शिव कुमार संधाला ने कहा कि रक्तदान महादान है। सभी को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान करने से शरीर बीपी व अन्य घातक बीमारियों से बचा रहता है। वहीं, रक्तदान करने से दूसरों के अमूल्य जीवन को बचाया जा सकता है। इस अवसर पर सरपंच प्रवेश कुमार, नंबरदार मामचंद कांबोज, रवि कांबोज, शैंकी कांबोज, मदन कांबोज, अंकुश कांबोज, रोहित, अमित, राजेश आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर। रादौर क्षेत्र गांव मंधार में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को बैज लगाते हुए मुख्यातिथि शिव कुमार संधाला। फोटो : हरिभूमि

*शिव मंदिर परिसर मे आयोजन*

# शिविर में 150 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा और दवाई दी



यमुनानगर। गांव जागधौली में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को बैज लगाते हुए उप निरीक्षक रुचि सैनी। फोटो : हरिभूमि

**यमुनानगर।** जागधौली के शिव मंदिर परिसर में सोमवार को मिशन रक्तक्रांति हिंदुस्तान एवं हरियाणा उदय प्रोग्रम अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के मार्ग दर्शन में रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 150 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई और 96 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर में मुख्य अतिथि के रुप में थाना छप्पर प्रभारी प्रमोद वालिया व उप निरीक्षक रूचि सैनी ने भाग लिया। मुख्यातिथि एवं थाना प्रभारी प्रमोद वालिया ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी नशे की तरफ बढ़ रहीं है। युवाओ को नशे से बचाने के लिए गांव गांव में रक्तदान शिविर एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना चाहिए। ताकि युवा नशे तरफ ना जाकर समाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें और नशे से दूर रहें। रक्तदान एक बहुत बड़ा पुण्य का काम है उन्होंने स्वयं भी रक्तदान किया। इस अवसर पर उप निरीक्षक रुचि सैनी ने कहा कि महिलाओं को भी रक्त दान शिविर में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। आजकल महिलाएं हर क्षेत्र में बढ़.चढ़कर हिस्सा ले रही हैं उनको भी आगे आना चाहिए।

# प्राचीन गोगा माड़ी रादौर में चल रहे आठ दिवसीय मेले का हुआ समापन


- केले के समापन पर श्रद्धालुओं ने गोगा माड़ी में की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

प्राचीन एवं एतिहासिक गोगा माड़ी रादौर में चल रहे आठ दिवसीय मेले का समापन हो गया। समापन अवसर पर मेले में करीब तीन हजार श्रद्धालुओं ने पहुंचकर माड़ी में माथा टेका और पूजा अर्चना की। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मेले में दुकानों पर जमकर खरीददारी की।

गोगा माड़ी के पुजारी अनिल कश्यप ने बताया कि पिछले आठ दिन से चल रहा मेला शांतिपूर्वक संपन्न होगया है। मेले के संपन्न अवसर पर गणमान्य व हजारों श्रद्धालुओं ने गोगा माड़ी पर निशान चढ़ाए और माथा टेककर पूजा अर्चना की। वहीं, दुकानदार साहिल, विरेंद्र, संदीप व गौरव ने बताया कि मेले में समापन अवसर पर भी ग्राहकों ने दुकानों पर जमकर खरीददारी की। जिससे उनकी सेल अच्छी हुई है।

प्रसाद के दुकानदारों रोहित, मुकेश व जसपाल ने बताया कि मेले में आधुनिकता के चलत इस बार ग्राहकों की कुछ कमी देखी गई है। मगर इसके बावजूद मेले में रोजाना हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर माड़ी में पूजा अर्चना की। मेले में प्रसाद बांटने के लिए लंबी लंबी कतारें लगी रही। गोगा माड़ी के पुजारी अनिल कश्यप व बाबू कश्यप, तरूण व दिनेश आदि ने बताया कि जाहरवीर गोगा माडी मेला ऐतिहासिक रहा है।



यमुनानगर। रादौर की गोगा माड़ी पर चल रहे मेले के समापन पर दुकानों पर खरीददारी करते हुए व गोगा माड़ी में लाइनों में लगकर प्रसाद चढ़ाते श्रद्धालु।



यमुनानगर। जेएमआईटी कॉलेज रादौर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### उपभोक्ता के व्यवहार को समझना व्यवसाय की सफलता की है सबसे बड़ी कुंजी: गोपाल

रादौर। जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में साइकोलॉजी इन मार्केटिंग विषय पर एक विशेष विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किया गया। इंडिफ्लुएंस के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी वेणु गोपाल सिंगल ने मुख्य वक्ता के रुप में भाग लिया। मुख्य वक्ता वेणु गोपाल सिंगल ने कहा कि सफल विपणन केवल उत्पाद या सेवाओं पर निर्भर नहीं करता है। बल्कि उपभोक्ताओं की सोच,उनकी आवश्यकताओं और निर्णय लेने की प्रक्रिया को समझने पर आधारित होता है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता व्यवहार को समझना किसी भी व्यवसाय की सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। व्याख्यान के दौरान उन्होंने प्रभाव, प्रलोभन विषय पर विस्तार से चर्चा कीए मास्लो की आवश्यकताओं का सिद्धांत व डॉ. रॉबर्ट सियालदिनी के प्रभाव का सिद्धांत का उदाहरण देते हुए छात्रों को सरल भाषा में समझाया कि किस प्रकार साइकोलॉजी इन मार्केटिंग की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। संस्थान की ओर से मुख्य वक्ता वेणु गोपाल सिंगल को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।इस आयोजन का प्रथम चरण पर्सनैलिटी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. जया मल्होत्रा द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर मिस शबनम भसीन, हर्षित, अनामिका सोनी, निशांत, डॉ. एलएस रीन व डॉ. वंदना आदि मौजूद रहे।

#### हिंदी भाषा है हमारी संस्कृति और आत्मा की पहचान



यमुनानगर। गुरु नानक खालसा कॉलेज में हिंदी दिवस कार्यक्रम में संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. अरविंदर सिंह भल्ला। फोटो : हरिभूमि

यमुनानगर। गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर में सोमवार को हिंदी दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरविंदर सिंह भल्ला, उप प्राचार्या डॉ. प्रतिमा शर्मा, डॉ.अनुराग व शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. जगत सिंह द्वारा दीप प्रज्जवलन करके किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरविंदर सिंह भल्ला ने कहा कि हिंदी केवल एक भाषा नहीं है। बल्कि यह हमारी संस्कृति और पहचान की आत्मा है। हमें इसे गर्व से बोलना और लिखना चाहिए। मौके पर उप प्राचार्या डॉ. प्रतिमा शर्मा ने कहा कि हिंदी केवल संवाद का माध्यम नहीं है। बल्कि भारतीय संस्कृति और एकता का सशक्त प्रतीक है। वहीं, इतिहास के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अनुराग ने हिंदी साहित्य की समृद्ध परंपरा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी साहित्य भारतीय समाज का दर्पण है। जिसमें उसके संघर्ष, मूल्य और आकांक्षाएं झलकती हैं।

### राजकीय महाविद्यालय सरस्वती नगर में प्रतिभा खोज कार्यक्रम का किया आयोजन

# करण ने कविता पाठ प्रतियोगिता में प्राप्त किया प्रथम स्थान

*महाविद्यालय की प्राचार्या सुमन भाटिया ने विजेताओं को पुरस्कार देकर किया सम्मानित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

राजकीय महाविद्यालय सरस्वती नगर में सोमवार को प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या सुमन भाटिया ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। प्राचार्या सुमन भाटिया ने बताया कि प्रतिभाखोज कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में आयोजित कविता पाठ प्रतियोगिता में करण ने प्रथम, शगुन ने द्वितीय व सिमरन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्विज प्रतियोगिता में हिमांशु, अक्षित और चिराग की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पेटिंग प्रतियोगिता में दीक्षा ने प्रथम, पलक ने द्वितीय व नीतिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं,नृत्य प्रतियोगिता में अंजली ने प्रथम, दीपाली ने द्वितीय व गीता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह भाषण प्रतियोगिता में दीपाली ने प्रथम, सिमरन ने द्वितीय व अमीषा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि गायन प्रतियोगिता में कल्पना ने प्रथम,अमीषा ने द्वितीय व अभिषेक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या सुमन भाटिया ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण अवसर एवं प्रदर्शन मंच प्रदान करते हैं। जो उनकी प्रतिभा की पहचान कर के उनके आत्मविश्वास में वृद्धि करते हैं। ताकि उन्हें अपनी क्षमता का पूर्ण एहसास कराया जा सके। कार्यक्रम के अंत में टैलेंट शो की संचालिका प्रो. हेमप्रभा ने सभागार में उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। मौके पर विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रो. राकेश कुमार शर्मा, प्रो.स्वाति, प्रो. सतनाम, प्रो. सुखविंदर, प्रो. दीपिका, प्रो. रेणु, रजनी आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर। राजकीय कॉलेज सरस्वती नगर में आयोजित प्रतिभा खोज कार्यक्रम के विजेता विद्यार्थी पुरस्कार प्राप्त अध्यापकों के साथ खुशी जताते हुए।

## खबर संक्षेप



### बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगाया जांच शिविर

**कुरुक्षेत्र।** जिला एवं सत्र न्यायधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र की सीजेएम एवं सचिव नीतिका भारद्वाज के निर्देशन में पिहोवा एवं शाहाबाद के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए गए। इन शिविरों के तहत लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा उन्हें निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। साथ ही उन्हें विस्तारपूर्वक बताया गया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है।

### बाल विवाह के खिलाफ चलाया विशेष अभियान

**कुरुक्षेत्र।** जस्ट राइटस फॉर चिल्ड्रेन की सहयोगी संस्था एमडीडी ऑफ इण्डिया द्वारा बाल विवाह के खिलाफ वैश्विक अंतर धार्मिक विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जो 21 सितम्बर तक चलेगा। संस्था की टीम ने जिले के सभी धार्मिक स्थानों पर प्रतिनिधियों से मिल कर आग्रह किया कि वे श्रद्धालुओं को बाल विवाह के उन्मूलन के लिए प्रेरित करें। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान में धार्मिक गुरु महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

### शब्द कीर्तन के जरिए संगत को गुरुचरणों से जोड़ा



**पिहोवा।** डेरा सचखंड ईशर दरबार जुरासी में संत बाबा ईशर सिंह की 50वीं बरसी पर समागम के दूसरे दिन भारी संख्या में संगत पहुंची। विभिन्न धार्मिक स्थलों से पहुंचे कीर्तन जत्थे व कविशरों व संत महात्माओं ने संगत को गुरबाणी का इतिहास बताया। संत बाबा मणि सिंह ने कहा कि संत महात्मा किसी एक जाति व धर्म के नहीं होते। बल्कि जात धर्म से ऊपर उठकर उनका संदेश समस्त मानवता के लिए होता है। समागम में रागी ढाडी जत्थे, कथावाचकों द्वारा शब्द कीर्तन के जरिए संगत को गुरुचरणों से जोड़ा।

### उत्साह व गरिमा के साथ मनाया हिंदी दिवस

**लाडवा।** इन्दिरा गांधी नेशनल कॉलेज, लाडवा के हिन्दी विभाग द्वारा हिन्दी-दिवस अत्यंत उत्साह, गरिमा एवं सकारात्मक भावनाओं के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में एक विशेष व्याख्यान एवं नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. कुशल पाल ने की। कार्यक्रम में मुख्यवक्ता के रूप में डॉ. सुरेन्द्र बाला एवं डॉ. रमाकांत, दोनों सेवानिवृत्त एसोसिएट प्रोफेसर, दयाल सिंह कॉलेज, करनाल ने शिरकत की।

## कुवि में राज्य स्तरीय कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन

# देश को एकता के सूत्र में बांधने की भाषा है हिंदी : प्रो. सोमनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हिंदी भाषा देश को एकता के सूत्र में बांधने की भाषा है। हिंदी केवल एक भाषा नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति, इतिहास और भावनाओं की अभिव्यक्ति का माध्यम है। हमारे देश में केवल हिंदी ही राजभाषा है इसलिए हमें हिंदी भाषा पर गौरवान्वित अनुभव करना चाहिए। देश की कोई भी राष्ट्रभाषा नहीं है। हमारे देश में 22 अनुसूचित भाषाएं हैं। उन 22 भाषाओं में भी हिंदी है और उसमें अंग्रेजी नहीं है। यह उद्गार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग, इंस्टीट्यूट ऑफ इंटिग्रेटिड एंड ऑनर्स स्टडीज तथा जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में सीनेट हॉल में देश भक्ति पर आधारित राज्य स्तरीय कविता पाठ प्रतियोगिता के अवसर पर बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए। युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला ने सभी अतिथियों का स्वागत व अभिनंदन करते हुए कहा कि हिंदी भाषा भारत की बिंदी है। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि हमारी ऑफिशियल भाषा हिंदी है।



कुरुक्षेत्र। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ करते कुलपति प्रो . सोमनाथ सचदेवा।

### 150 देशों में बोली जाती हैं हिंदी

*अंग्रेजी को सह-राजभाषा का दर्जा 1949 में 15 वर्ष के लिए दिया गया था जो बाद में असीमित समय के लिए बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि हिंदी पूरे देश में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है जिसे मातृभाषा के रूप में 44 प्रतिशत लोग प्रयोग करते हैं, दूसरे स्थान पर बंगाली 8 प्रतिशत, तीसरे स्थान पर मराठी 7 प्रतिशत तथा अंग्रेजी भाषा का प्रयोग पहली सहायक भाषा के रूप में 0.02 प्रतिशत लोग करते हैं। हिंदी बहुत मजबूत, सशक्त व ताकतवर भाषा है क्योंकि 150 देशों के अंदर हिंदी का प्रयोग किया जाता है। पूरे विश्व में 175 यूनिवर्सिटी में हिंदी को विषय के रूप में पढ़ाया जा रहा है। वर्तमान में विश्व के लिए हिंदी बाजार के व्यवहार की भाषा बन चुकी है। एनईपी की आत्मा हिंदी केन्द्रित रखी गई है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने एनईपी -2020 को सर्वप्रथम पूरे देश में इसके सभी प्रावधानों के साथ लागू किया है। उन्होंने कहा कि हिंदी भारत का स्वाभिमान है। ओटीटी प्लेटफार्म, टीवी चैनल्स, यूट्यूब आदि में हिंदी का प्रयोग किया जा रहा है। राज्य स्तरीय कविता पाठ प्रतियोगिता में अम्बाला, पानीपत, कैथल, यमुनानगर के कुल 25 कॉलेजों के 106 विद्यार्थियों ने पंजीकरण किया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत कविताएं सुनाकर खूब वाहवाही बटोरी।*

### हरियाणवी को भाषा का दर्जा मिले: धर्मदेव

मुख्य वक्ता हरियाणा साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी ने कहा कि हिंदी बहुत महत्वपूर्ण भाषा है। हिंदी भाषा को देश के 140 करोड़ लोग समझ व बोल सकते हैं। हिंदुस्तान का कोई कोना ऐसा नहीं जहां हिंदी बोली न जाती हो। उन्होंने कहा कि अरबी भाषा बोली भी जाती है और खाई भी जाती है। हिंदी भारत का गौरव है। उन्होंने कहा कि हिंदी मेरी मां का नाम, बाप का नाम हिंदुस्तान, अब तुम ही यह फैसला कर दो किसकी मैं हूं संतान। उन्होंने कहा कि हरियाणवी को भाषा का दर्जा दिलाने में विशेष मुहिम का साथ दे युवा क्योंकि निज भाषा से ही हरियाणा का विकास ओर अधिक आगे बढ़ेगा। कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने कहा कि हिंदी पर हमें अभिमान है।दिं बड़े दिलवाली भाषा है। 8वीं शताब्दी में हिंदी की उत्पत्ति हुई। हिंदी भाषा को किसी भी भाषा से खतरा नहीं है जबकि हिंदी अन्य भाषाओं को संग्रहित कर आगे बढ़ रही है।

### हिंदी बाजार के व्यवहार की भाषा बन चुकी

जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने कार्यक्रम की विषय वस्तु बताते हुए कहा कि हिंदी ने पिछले 20 सालों में रिकॉर्ड तोड दिए हैं। आज 100 से ज्यादा टीवी चैनल हिंदी का प्रयोग कर रहे हैं। यूएनओ व विदेश मंत्रालय में हिंदी में कार्य किया जा रहा है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने विदेशों दौरों के मंचों पर हिंदी में बात कर रहे हैं जिससे वैश्विक स्तर पर हिंदी का प्रचार-प्रसार पहले से ज्यादा बढ़ा है। इसी कारण हिंदी बाजार के व्यवहार के भाषा बन चुकी है। अंत में प्राचार्या प्रो. रीटा ने सभी अतिथियों का धन्यवाद प्रकट किया। इस कार्यक्रम के मंच का संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. वंदना ने किया। निर्णायक मंडल के रूप में प्रो. दिनेश दधीचि, प्रो. सीडीएस कौशल व डॉ. रेनू दहिया मौजूद रही। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल, प्रो. रीटा, प्रो. विवेक चावला, प्रो. अनिल मित्तल, प्रो. परमेश कुमार, प्रो. विवेक गौड़, डॉ. हरिओम फुलिया, प्रो. कुसुमलता, डॉ. अजायब सिंह, डॉ. रामचन्द्र, डॉ. मधुदीप, डॉ. रोमा, डॉ. अभिनव, डॉ. तपेश किरण, डॉ. रोशन मस्ताना, डॉ. प्रदीप राय, सचिन, सुनीता, राहुल अरोड़ा, राकेश भोरिया सहित शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद थे।

# तहसील कार्यालयों की स्वच्छता पर रखना होगा विशेष फोकस : डीसी

शाहबाद व बाबैन तहसील कार्यालय का किया निरीक्षण



कुरुक्षेत्र। तहसील कार्यालय का निरीक्षण करते उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि कुरुक्षेत्र की सभी तहसीलों व सब तहसीलों में अधिकारियों व कर्मचारियों को पूरी पारदर्शिता व ईमानदारी के साथ कार्य करना होगा। इन तहसीलों में जीरो टोरलेंस पॉलिसी को अडोप करना होगा। इसके साथ ही तहसील कार्यालयों की स्वच्छता पर भी विशेष फोकस रखकर कार्य करना होगा। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने सोमवार को शाहबाद व बाबैन तहसील कार्यालय का निरीक्षण करने के उपरांत अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इससे पहले उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने शाहबाद में नवनिर्मित तहसील कार्यालय का अवलोकन किया।

### तहसीलों को पेपर लैस करने की तैयारियों की जानकारी दी

इस दौरान एसडीएम डा. चिनार चहल ने नए भवन में लोगों की सुविधा के अनुसार बनाए गए सभी कक्षों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा तहसीलों को पेपर लैस करने की तैयारियों के बारे में भी विशेष जानकारी दी है। उपायुक्त ने शाहबाद तहसील का निरीक्षण करने के बाद बाबैन तहसील कार्यालय का जायजा लिया और यहां पर तहसील को पेपर लैस करने से सम्बन्धित तैयारियों की फीडबैक भी ली। इसके साथ ही सभी कक्षों का निरीक्षण किया और स्वच्छता का भी आकलन किया।

### गांव दयालपुर में रखी उप स्वास्थ्य केंद्र की आधारशिला

**कुरुक्षेत्र।** गांव दयालपुर, तहसील थानेसर कुरुक्षेत्र में उप-स्वास्थ्य केन्द्र की आधारशिला पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा के कर कमलों द्वारा रखी गई। इस अवसर पर सुभाष सुधा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार आम जन की भलाई व ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिये सदैव तत्पर है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार ने 15वें फाईनेंस कमीशन स्कीम के तहत पूरे हरियाणा में 45 उप -स्वास्थ्य केन्द्र व 4 ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट बनाए जाएंगे। कुरुक्षेत्र में 11 उप -स्वास्थ्य केन्द्र बनेगे। थानेसर विधानसभा के अंतर्गत 3 उप -स्वास्थ्य केन्द्र जोकि मिजार्पुर, दयालपुर और सिरसला में जाएंगे। इसी कड़ी में यह स्वास्थ्य केंद्र गाँव दयालपुर को समर्पित किया जा रहा है। यह न सिर्फ़ गाँव के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देगा, बल्कि आने वाले समय में हमारे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी लाएगा।

# बुजुर्गों की सेवा भगवान की पूजा करने से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण : कृष्णकांत

- वृद्ध आश्रम में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

लाडवा वृद्ध आश्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाडवा द्वारा एक शिविर लगाया गया। शिविर में वृद्ध आश्रम में रह रहे सभी लोगों का पूर्ण चेकअप किया गया तथा उन्हें अच्छा जीवन जीने के लिए अपने आप को स्वस्थ रखने के बारे में बताया गया। वृद्ध आश्रम में ज्यादातर लोग कमजोर और वृद्ध होने के कारण अपनी देखरेख अच्छी तरह से नहीं कर पाते हैं। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रतिमाह स्पेशल कैंप लगाकर वृद्ध लोगों को विशेष देखभाल की जाती है।



### 45 बुजुर्गों का किया चेकअप

*स्वास्थ्य शिविर में 45 बुजुर्गों का चेकअप किया गया तथा उनका निशुल्क रूप से टूथब्रष्ट, टूथपेस्ट वितरित किए गए। उन्होंने आम जनता से अपील की कि हम सब ने अपने बुजुर्गों का विशेष रूप से ख्याल रखना चाहिए क्योंकि बुजुर्गों की सेवा भगवान की पूजा करने से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण है और हमें यह ख्याल रखना चाहिए।*


### नए जीएसटी कर सुधारों से विकसित भारत की यात्रा होगी तेजः त्यागी

**पिहोवा।** भाजपा के जिला महामंत्री और भाजपा जीएसटी कमेटी के जिला संयोजक सी.एस. अर्जुन त्यागी ने कहा कि हाल ही में हुई 56वीं जीएसटी काउंसिल बैठक में प्रस्तावित भारत की कर प्रणाली में ऐतिहासिक परिवर्तन के रूप में सामने आए हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में यह सुधार केवल छोटे संशोधन नहीं हैं, बल्कि ऐसे संरचनात्मक कदम हैं जो भारत को आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की दिशा में मजबूत आधार प्रदान करेंगे। जिला महामंत्री ने कहा कि इस बैठक में कर संरचना को सरल और जनहितैषी बनाते हुए कई ऐतिहासिक फैसले लिए गए हैं।

# अवैध कॉलोनी में निर्माण को तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि राजस्व संपदा शाहबाद में 15 एकड़ में पनप रही एक अवैध कालोनी में जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। यह डयूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने शाहबाद में राजस्व संपदा शाहबाद के गांव कांकडा में स्थित लगभग 15 एकड़ में पनप रही एक अवैध कालोनी में बनी सडकें, सीवरेज और मेनहॉल और गेट के अवैध निर्माण को हटाया गया।



### 15 एकड़ में पनप रही थी कालोनी

*उपायुक्त ने कहा कि डीटीपी विभाग के पास राजस्व संपदा शाहबाद के गांव कांकडा में लगभग 15 एकड़ में पनप रही एक अवैध कालोनी के पनपने का मामला आया था, जिसके उपरांत विभाग द्वारा भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी कर जरूरी अनुमति लेने के आदेश दिए गए थे। परंतु भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों ना तो अवैध कालोनियों में किए जा रहें निर्माण को रोका और ना ही विभाग से अनुमति प्राप्त की। इस पर कार्रवाई करते हुए विभाग द्वारा इन अवैध कालोनियों में निर्माण को नष्ट करने का काम किया गया है।*



### राज्यस्तरीय उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान समारोह में पंजाबी शिक्षक अमरजीत सिंह सम्मानित

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र से पंजाबी भाषा के शिक्षक अमरजीत पांचाल को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में विशेष योगदान हेतु राज्य स्तरीय उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान प्रदान किया गया है। बता दें कि स्व. डॉ. प्रदीप शर्मा स्मृति समिति रेवाड़ी एवं प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट (पंजी.) नारनौल के संयुक्त तत्वावधान में रेवाड़ी में राज्य स्तरीय उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्राचार्या शोभा भारद्वाज एवं प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा के संयोजन में हुए इस कार्यक्रम में हरियाणा के 16 जिलों से विशिष्ट शिक्षक पहुंचे थे। मुख्य अतिथि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. पवन शर्मा ने अमरजीत पांचाल को सम्मानित किया। समारोह की अध्यक्षता रेड क्रॉस सोसाइटी हरियाणा के महासचिव महेश जोशी ने की। समारोह में युवा कवि औशीन शुक्ला ने शानदार काव्यपाठ किया।

# 15 प्रतिभाशाली युवाओं का एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज में हुआ चयन

- नवीन अवसर कार्यक्रम के तहत एमएसएमई लोन ऑफिसर बैच के लिए हुई प्लेसमेंट ड्राइव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सांसद नवीन जिन्दल युवा शक्ति को सशक्त बनाने और उन्हें सार्थक अवसर उपलब्ध कराने के लिए संकल्पबद्ध हैं। इस के लिए नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा कार्यक्रम नवीन अवसर के अंतर्गत कुरुक्षेत्र इंटरनेशनल स्किल सेंटर में एमएसएमई लोन ऑफिसर बैच के लिए एक विशेष प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। यह विशेष एमएसएमई लोन ऑफिसर प्रोग्राम



जेनरेशन इंडिया फाउंडेशन द्वारा संचालित है, जो कौशल विकास और रोजगार के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट और प्रभावशाली पहलों के लिए विख्यात है। नवीन जिन्दल फाउंडेशन ने अपने नवीन अवसर उपक्रम के अंतर्गत इस कार्यक्रम को कुरुक्षेत्र इंटरनेशनल स्किल सेंटर में आरंभ किया है, जिससे क्षेत्र के युवाओं के लिए नए मार्ग प्रशस्त हुए हैं। परिणामस्वरूप, 15 प्रतिभाशाली युवाओं का चयन एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज द्वारा किया गया है, जो कि एचडीएफसी बैंक लिमिटेड की सहायक कंपनी है।



### अक्षरा इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ियों ने जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में दिखाया दमखम

**पिहोवा।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के खेल स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में अक्षरा इंटरनेशनल स्कूल के सात खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। इस प्रतियोगिता में मैकन सांगवान ने अपने शानदार प्रदर्शन से चयनकतार्ओं को प्रभावित किया और राज्यस्तरीय स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए। वहीं जूडो में भी अक्षरा इंटरनैशनल स्कूल के खिलाड़ियों ने कमाल कर दिया। 4 से 7 सितंबर तक सोनीपत में आयोजित सीबीएसई जूडो क्लस्टर 8क में स्कूल की टीम ने चार पदक अपने नाम किए। आयु वर्ग 11 में एकमप्रीत ने 35 किग्रा भार वर्ग में रजत पदक जीता। मानाया ने 40 किग्रा भार वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया। आयु वर्ग 19 में पलक ने 70 किलो ग्राम भार वर्ग में रजत पदक हासिल किया। वहीं आयु वर्ग 11 में भवनूर ने 35 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। इनके अलावा कोहिनूर और मन्ताज ने भी सराहनीय प्रदर्शन किया। अब ये खिलाड़ी राजस्थान के श्रीगंगानगर स्थित एस.एम.एस. ईशर सिंह जी महाराज अकैडमी में आयोजित होने वाली सीबीएसई नेशनल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे।



कुरुक्षेत्र। गुरदासपुर में कैप के दौरान मरीज का चेकअप करते चिकित्सक।

### आरएमपी एसो. ने गुरदासपुर में लगाया चिकित्सा शिविर

**कुरुक्षेत्र।** आरएमपी एसोसिएशन कुरुक्षेत्र ने पंजाब बाढ़ग्रस्त पीड़तिं के लिए गुरदासपुर में निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया। प्रधान डा. जसवंत ने बताया कि शिविर के दौरान बाढ़ से प्रभावित लोगों को तत्काल चिकित्सा देखभाल और उपचार प्रदान किया गया। लोगों को दवाओं का निशुल्क वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि विपदा की इस घड़ी में जहां सामाजिक संस्थाएं व हरियाणा सरकार बाढ़ पीड़तिं की हर संभव मदद कर रही है वही इसी कड़ी में आरएमपी एसोसिएशन कुरुक्षेत्र ने गुरदासपुर में चिकित्सा शिविर लगाकर बाढ़ प्रभावित लोगों को चिकित्सा सुविधा दी। उन्होंने बताया कि आरपीएम एसोसिएशन इस प्रकार के समाज भलाई के कार्य में सदैव बढ़ चढ़कर भाग लेती है। इस अवसर पर डॉ जसवंत, धर्मवीर राई हरियापुर, सत्यनारायण शर्मा, डॉक्टर नायब सिंह राठी, पवन खेरा, कश्मीर सिंह, महेंद्र सिंह, ओमप्रकाश मौजूद रहे।

**तैयारी** | महाराजा अग्रसेन जयंती को लेकर अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की बैठक

अग्रोहा शक्तिपीठ में 20,21 और 22 को आयोजित समारोह में लाखों लोग लेंगे हिस्सा

# अग्रवाल समाज के इतिहास और महाराजा अग्रसेन की विचारधारा को लोगों तक पहुंचाना उद्देश्य : गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा अग्रोहा शक्तिपीठ में महाराजा अग्रसेन जयंती का तीन दिवसीय स्वर्ण जयंती समारोह 20, 21 एवं 22 सितम्बर को आयोजित किया जा रहा है। इस समारोह में लाखों श्रद्धालु भाग लेंगे और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का हिस्सा बनेंगे। इसी संबंध में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की एक महत्वपूर्ण बैठक सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग एवं राष्ट्रीय संगठन मंत्री खरैती लाल सिंगला के मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र में हुई। बैठक में प्रदेश के उपाध्यक्ष महेंद्र सिंगला,





कुरुक्षेत्र। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग का स्वागत करते हुए सदस्य एवं पदाधिकारी।

सतनारायण सिंगला, डा. पवन गोयल, विशाल सिंगला, अर्जुन गर्ग एवं प्रो. दीक्षित गर्ग इत्यादि भी मौजूद रहे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे प्रस्तुत

राष्ट्रीय संगठन मंत्री खरैती लाल सिंगला ने बताया कि यह आयोजन सम्मेलन संस्था के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय स्वर्ण जयंती समारोह के रूप में भी आयोजित किया जा रहा है। अग्रोहा शक्तिपीठ महाराजा अग्रसेन की भूमि है। यहां पर सम्मेलन के 50 वर्ष पूरे होने के उत्सव के साथ साथ महाराजा अग्रसेन के संदेश का प्रचार-प्रसार करने का महा उत्सव होगा। उन्होंने बताया तीन दिवसीय समारोह में निरंजनी अखाड़ा के महामंडलेश्वर आचार्य नर्मदा शंकर पुरी जी का आशीर्वाद प्राप्त होगा। साथ अग्रभागवत कथा, भजन संध्या एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। बैठक में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग ने कहा कि अग्रोहा शक्तिपीठ में तीन दिवसीय समारोह अग्रवाल समाज के इतिहास को दुनिया भर में फैलाने और महाराजा अग्रसेन की विचारधारा को लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

### ये रहे मौजूद

*बैठक जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष उर्मिल, नेहा गुप्ता पार्षद, शिवम बसंल, सुशील कंसल, रामनिवास बसंल, राकेश मंगला, नवीन सिंगला, डा. अनूप सिंगला, हिमांशु बंसल, अंकुश गर्ग, ब्रिज भूषण, अभय मितल, धीरज गुप्ता, आशीष गुप्ता, दिवाकर बंसल, अंकुर मित्तल, अनिल मित्तल, अजय गोयल, प्रदीप सिंगला, संजय मित्तल, आशिष जिंदल, चेला राम मित्तल, सतीश मित्तल किरमच, अरविंद गोयल, पंकज जिंदल, पंकज सिंगला, विनोद अग्रवाल, रमेश सिंघल, सुमित जैन, संदीप बंसल, मयंक गोयल, सुमित हिंदूस्तानी, कुलवंत गर्ग, सुमित सिंगला, प्रवेश गर्ग, मोहित गर्ग पिपली, जय प्रकाश जे पी, विनोद जिंदल, रोशन लाल मित्तल, वरूण गुप्ता, सुमित गर्ग, योगेश कुमार, अजय गुप्ता, प्रमोद बंसल, राजेश सिंगला, पवन गर्ग, अशोक गर्ग, कपिल मित्तल, गौरव मित्तल, विनोद सिंगला, विशेष गर्ग, अमित कंसल एवं राहुल सिंगला इत्यादि भी मौजूद रहे।*

## खबर संक्षेप

### हत्या के मामले में चार गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेश नगर में दर्ज हत्या के मामले में पुलिस ने चार आरोपी शीशपाल, विक्की, विशाल व विजय को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता राजकुमार ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 11 सितंबर 2025 को आरोपी सैली, विशाल व अन्य ने उसके बेटे कि तेजदार चाकु से वार कर हत्या कर दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### 159 किलो 795 ग्राम चूरापोस्त बरामद

**अंबाला।** थाना पंजोखरा साहिब क्षेत्र के गांव पटवी से नशा तस्करी के मामले में सीआईए-नारायणगढ़ आरोपी विजय कुमार उर्फ मोटा को 159 किलो 795 ग्राम चूरापोस्त व गाड़ी सहित गिरफ्तार किया है। उसे पांच दिन के रिमांड पर लिया गया है। सीआईए-नारायणगढ़ के उप निरीक्षक रवि कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। इसी आधार पर पटवी के पास नाकाबंदी कर उसे काबू किया गया। अब उससे गहनता से पूछताछ हो रही है।

### निर्वाचन अधिकारी ने की समीक्षा

**अंबाला।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए श्री निवास ने आयोजित वीसी के माध्यम से उपायुक्तों व अन्य अन्य अधिकारियों के साथ मतदाताओं की सूची व अन्य बिंदुओं बारे विस्तार से समीक्षा की। वीसी की अध्यक्षता करते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक पार्टियों के साथ समय समय पर बैठक होने बारे, बीएमओ के कार्ड वितरित किए जाने बारे, सौ वर्ष से आयु से अधिक के मतदाताओं की वेरिफिकेशन करने बारे, बीएलओज की नियुक्ति बारे व वर्ष 2002 में दर्ज मतदाताओं की संख्या के तहत वर्तमान में कितने मतदाता सूची में दर्ज है उस बारे में समीक्षा की।

### हिंदी को पढ़कर बढ़ सकते हैं आगे

**अंबाला।** मंत्री अनिल विज ने कहा कि कौन कहता है कि मातृभाषा पढ-सिखकर आगे नहीं बढा जा सकता है। हम भी अपनी मातृ भाषा हिन्दी को पढक़र आगे बढ़ सकते हैं क्योंकि मातृभाषा से हमें प्रेम, प्यार, स्नेह होता है और उससे आशीर्वाद मिलता है। विज एक कार्यक्रम के दौरान हिंदी दिवस के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने साफगोई व्यक्त करते हुए कहा कि हिंदी को बोलते हुए हमें थोड़ी अहीनता का भाव आता है क्योंकि कई वर्षों तक हमें अरबी व अंग्रेजी पढ़ाई गई।

### स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन कल

**अंबाला।** सिविल सर्जन डॉ. राकेश सहल ने बताया कि 17 सितंबर को पंचायत भवन अंबाला शहर के सभागार में स्वस्थ नारी सशक्त नारी के तहत एक स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एक स्वस्थ ही परिवार और समाज की सशक्त नींव हैं। स्वस्थ नारी सशक्त नारी अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना एवं समय समय पर जांच एवं उपचार के लिए प्रेररित करना है। 17 को आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न चिकित्सक मौजूद रहेंगे।

### नाराज कार्यकर्ताओं ने बैठक में सांसद के रवैये के खिलाफ खुलकर नाराजगी जताई

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं का छलका दर्द, बोले- "जीवन भर सींची पार्टी, अब बेगानी हो गई

**सांसद न फोन उठाते हैं न हाल पूछते**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलाना

हल्का में कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सांसद वरूण चौधरी के खिलाफ बगावत कर दी है। नाराज कार्यकर्ताओं ने बैठक में सांसद के रवैये के खिलाफ खुलकर नाराजगी जताई। इस दौरान काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ता सांसद के खिलाफ रेस्ट हाउस में एकजुट हुए थे। ज्यादातर कार्यकर्ताओं संसद वरुण चौधरी की कार्यशैली को लेकर जमकर भड़ास निकाली। कई कार्यकर्ताओं ने कहा कि जिस पार्टी को उन्होंने खून-पसीने से सींचा, उसे बुलंदियों तक पहुंचाने के लिए अपना पूरा जीवन लगा दिया, उसी पार्टी में अब बड़े नेता कहलवाने वाले अपने सच्चे सिपाहियों को सम्मान तक देने को तैयार नहीं। कार्यकर्ताओं ने गुस्से में आरोप लगाते कहा कि सांसद वरुण अब कार्यकर्ताओं से दूरी बनाकर चल रहे हैं। न तो वे अब फोन उठाते हैं न हालचाल पूछते हैं। न ही किसी कार्यक्रम में उनसे संवाद करते हैं। कईं कार्यकर्ताओ ने यहां तक कहा कि उन्हें तो अपने सांसद के घर का पता तक नही मालूम और न ही वह किसी कार्यकर्ता को अपने निवास का पता बताते हैं। बता दें कि विरोध करने वाले यह लोग कभी सांसद वरुण मुलाना व उन के पिता चौधरी फूलचंद मुलाना के खास समर्थक माने जाते थे।



मुलाना। रेस्ट हाउस में बैठक करते कांग्रेस कार्यकर्ता व पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष करण राणा। फोटो: हरिभूमि

#### आगे चुनाव नहीं जीत पाएगी पार्टी

रेस्ट हाउस में कार्यकर्ताओं ने मंच से ही साफ शब्दों में कहा कि बड़े नेताओं की वजह से उनकी मेहनत और निष्ठा की कद्र नहीं की जा रही। इस उपेक्षा से कार्यकर्ता हताश हैं। कार्यकर्ताओं का कहना था कि कांग्रेस का इतिहास कार्यकर्ताओं की बदौलत ही लिखा गया है। अगर कार्यकर्ताओं को हाशिए पर डाला गया तो आने वाले चुनाव में भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

#### बैठक में मौजूद रहे ये नेता

*सांसद के रवैये को लेकर हुई बैठक में कांग्रेसी नेता करण राणा, लक्ष्मण दास ,रामपाल गुर्जर, लवनीश, शुभम जैन ,रामबीर, रजनीश चौहान, जय सिंह ,जय हिंद, ,शामलाल, राजेंद्र बुढ़ियों, विनीत सहगल, अमित राणा, श्यामलाल, राजेश्वर नंबरदार, विकास नंबरदार, सुखविंदर ,गुरमेल सिंह, राम सिंह, प्रेम बाजीगर, हरिचंद, मदन धीमान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।*

#### सवालों के घेरे में सांसद की चुप्पी

*सवाल उठ रहा है सांसद ने कार्यकर्ताओं से दूरी क्यों बना रहे हैं? क्या यह राजनीतिक रणनीति है या फिर कार्यकर्ताओं की चिंताओं की अनदेखी कर रहे हैं? कार्यकर्ताओं का कहना है कि अब वे इस चुप्पी को सहन नहीं करेंगे। अपनी आवाज बुलंद करेंगे। सांसद पर उपेक्षा के आरोप लगाने वाले कार्यकर्ताओं की वजह से अब हल्का की राजनीति गम हो गई है। इस बैठक ने साफ कर दिया है कि कांग्रेस संगठन के भीतर असंतोष गहराता जा रहा है। कांग्रेस के भीतर की खींचतान पर भाजपा ने भी पैनी नजर जमा रखी है। पार्टी से नाराज कार्यकर्ताओं को साधने के लिए भाजपा स्थानीय स्तर पर सक्रिय होने की चर्चा क्षेत्र में होने लगी है। सूत्र बताते हैं कि भाजपा कांग्रेस से रूठे कार्यकर्ताओं को अपने साथ जोड़ने की रणनीति बना सकती है। बैठक के बाद साफ हो गया है कि कांग्रेस संगठन अब पहले जैसी एकजुटता खो रहा है। कार्यकर्ताओं के असंतोष ने यह संदेश दिया है कि जमीनी स्तर पर पार्टी की पकड़ कमजोर हो रही है। राजनीतिक जानकार मानते हैं कि यदि यह स्थिति लंबे समय तक बनी रही तो कांग्रेस को चुनावी जमीन पर भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।*

#### मेरे साथ हुआ विश्वासघात: राणा



पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष करण राणा ने सांसद वरूण चौधरी पर जमकर भड़ास निकाली। कभी सांसद वरुण व उन के पिता चौधरी फूलचंद मुलाना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले राणा ने भावुक अंदाज में कहा कि उसने कांग्रेस को मजबूत करने के लिए दिन-रात मेहनत की लेकिन बदले में उसे उपेक्षा झेलनी पड़ी। उसके साथ सांसद ने विश्वासघात किया है। जिस संगठन को वह अपना परिवार समझते थे उसने ही उसे अब पराया बना दिया है। ज्यादातर कार्यकर्ताओं के तेवर गरमाए हुए नजर आए। उन्होनें इस रोष के लिए सांसद को सीधे सीधे जिम्मेदार ठहराया। राणा ने कहा कि आम कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होता है लेकिन सांसद ने उनसे किनारा कर लिया है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह रवैया कांग्रेस को गर्त में धकेल देगा। बैठक का माहौल इतना गरमा गया कि एक बार तो सांसद के खिलाफ नारेबाजी तक की नौबत आ गई थी।

### कार चालक ने रेहड़ी मालिक को मारी टक्कर अस्पताल में मौत

**अंबाला।** शंभू टोल पर पंजाब की तरफ से सोमवार एक तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर कार ने रेहड़ी पर सब्जी लेने के लिए जा रहे पंजाब के पटियाला के बासमा गांव के जसपाल को टक्कर मार दी। हादसे में खून से लथपथ हालत में कार चालक ही जसपाल को अपनी गाड़ी में लेकर कैंट के नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक के भांजे सोनू ने बताया कि जम्मू नंबर की गाड़ी सवार दो युवक नशे की हालत में थे। शंभू पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। जबकि कार अपने कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी। बताया कि जसपाल सब्जी की रेहड़ी लगाने का काम करते थे।

### जीएसटी बदलाव का लाभ 22 से मिलना होगा प्रारंभ

**जींद।** भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता नेहा धवन ने कहा कि सरकार ने जीएसटी की दरों में बदलाव कर जनता को काफी लाभ दिया है। केंद्र सरकार ने कर प्रणाली में बड़े स्तर पर सुधार शुरू किया है। इसके तहत जीएसटी को नए स्वरूप में लाया गया है। दैनिक प्रयोग की हर वस्तु का कर कम किया गया है। इससे आम आदमी को लाभ होगा। वहीं अब डिब्बा बंद खाद्य पदार्थों पर जीएसटी कम हुआ है। भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता नेहा धवन सोमवार को पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। नेहा धवन ने कहा कि सरकार के जीएसटी में बदलाव के फैसले से दैनिक जीवन में काम आने वाली वस्तुएं जैसे आटा एदालए चावल व दूध से जीएसटी खत्म किया गया है। इसके अलावा डेयरी उत्पादों पर कर पांच प्रतिशत किया गया है। 22 सितंबर से लोगों को इसका लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। इससे एसी व टीवी जैसे सामान की दर भी कम होंगी।

## रोड के गड्ढों से चालक परेशान

- हाइवे की सर्विस लेन एक माह पहले उखाड़ी थी, अभी तक रिपेयरिंग नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलाना

नेशनल हाइवे 344 की सर्विस लेन को उखाड़े 1 महीने से ज्यादा हो गया है। इसे अब तक रिपेयर नहीं किया गया। इसके चलते इसमें अब बड़े बड़े गड्ढे बन गए है। जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालात इतने बुरे है कि कई वाहन चालक हादसो का भी शिकार हो चुके है। इसके बावजूद उन गड्ढों तक को रिपेयर नहीं किया गया है। पूरी सर्विस लेन को रिपेयर करना तो दूर की बात है। यहां से गुजरने वाले राजीव गुप्ता, विनोद कुमार, शुभम, राहुल ने बताया कि एक महीने से भी पहले विभाग द्वारा सर्विस लेन को उखाड़ा गया था। इसे रिपेयर किया जाना था। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा इसे बरसाती सीजन में इसे उखाड़ा नही जाना चाहिए था। लेकिन उखाड़े जाने के बाद सर्विस लेन को बिल्कुल अनदेखा कर दिया गया। जिसके चलते अब सर्विस लेन पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए है। जिनसे निकलते समय वाहन चालकों को बड़ी सावधानी और रेंग कर गुजरना पड़ रहा है। अंधेरे में ये गड्ढे.ज्यादा बड़ी समस्या बन रहे है।



मुलाना। हाइवे की जर्जर हालत का दृश्य। फोटो: हरिभूमि

#### तुंरत रिपेयर किया जाए

*कई दोपहिया वाहन चालक तो हादसे तक का शिकार हो चुके है। उन्होंने बताया कि सर्विस लेन पर स्कूल स्कूल, सिविल अस्पताल भी है। इसके बावजूद अनदेखी जारी है। लोगों के अनुसार सर्विस लेन को तुंरत रिपेयर किया जाना चाहिए।*

## एम विश्वेश्वरैया का इंजीनियरिंग में बड़ा योगदान

- डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन की ओर से मनाया गया इंजीनियर दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

डिप्लोमा इंजीनियर एसोसिएशन अंबाला जोन द्वारा सोमवार को किंगफिशर पर्यटन स्थल में इंजीनियर दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। यह एसोसिएशन सन 1912 में गठित की गई है जिसमे लगभग 17 विभागों के जेई और एसडीओ शामिल हैं। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान से करने के पश्चात भारत रत्न श्री एम विश्वेश्वरैया की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। उनके जन्मदिन के उपलक्ष्य में इंजीनियरस डे मनाया जाता है। एम विश्वेश्वरैया का इंजीनियरिंग में बहुत बड़ा योगदान है। उनकी अध्यक्षता में मैसूर में कृष्णा डैम की स्थापना की थी। हैदराबाद शहर में चीफ डिजाइनर रहते हुए शहर को बाढ़ से बचाने के लिए किए गए कार्यों में उनकी अहम भूमिका थी। एसोसिएशन के इस कार्यक्रम में सिंचाई विभाग, बी एंड आर, पंचायती राज विभाग, पब्लिक हेल्थ विभाग, नगर निगम विभाग, मार्केटिंग बोर्ड, एचएसवीपी, मत्स्य तथा अन्य कई विभागों के जेई व एसडीओ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एसोसिएशन की राज्य कार्यकारिणी से महासचिव संदीप गुलिया ने अपने साथियों के साथ हिस्सेदारी की। जिला प्रधान जंतिदर सिंह ने सभी सदस्यों को आगे भी इसी तरह आपस में मिल जुल कर रहने के लिए प्रेरित किया तथा आश्वासन दिया की जल्द ही हम सब सरकार द्वारा पे स्केल तथा अपनी अन्य मांगों को पूरा करवाया जाएगा। जतिंद्र सिंह ने सभी सदस्यों को पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम से पहले सदस्यों ने सिविल अस्पताल में जाकर रक्तदान एवं अपने अपने कार्यालय में पौधारोपण किया।



अंबाला। इंजीनियर दिवस पर मौजूद विभागीय अधिकारी।

#### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में कैलाश पंचकूला , संदीप करनाल, जितेंद्र और राज्य कार्यकारणी से प्रदीप हुड़ा स्टेट कैशियर आरएस मलिक रिटायर्ड एक्सएन मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में दीपक बतरा वाइस वरिष्ठ उप प्रधान, सुखबीर सिंह उप प्रधान, साहिल खैरा सलाहकार, आशीष सैनी कैशियर, भिवानी राणा, जिला सचिव जगदीप की अहम भूमिका रही।

## शिविर में बीस लोगों ने किया रक्तदान

- मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक संतोष चौहान सारवान ने शिरकत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

सिंहपुरा स्थित गुरुद्वारा दशमेश साहिब में श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहीदी पर्व को समर्पित रक्तदान शिविर का आयोजन गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी प्रधान तरसेम सिंह की देखरेख में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक संतोष चौहान सारवान ने शिरकत की। रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते कहा कि "रक्तदान महादान है और इससे बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं हो सकता।" उन्होंने कहा कि गुरु तेग़ बहादुर साहिब ने मानवता की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर किए। उनके शहीदी पर्व पर रक्तदान करना वास्तव में उनके संदेश को आगे बढ़ाने जैसा है।



बराड़ा। रक्तदाताओं को सम्मानित करते पूर्व विधायक संतोष सारवान व अन्य।

#### ये रहे मौजूद

गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी प्रधान तरसेम सिंह ने सभी रक्तदाताओं और मेडिकल टीम का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह सेवा भाव तभी सफल होता है जब समाज के लोग इसमें बढ़चढ़ कर भाग लें। शिविर में कुल 20 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस मौके पर भाजपा खंड प्रधान डिंपल राणा, हरजिंदर सिंह, मक्खन सिंह लबाना, एचएसजीपीसी मेंबर राजेंद्र सिंह कोकी, पवन गुप्ता, आशीष गर्ग, गुरबख्श सिंह, हरजीत सिंह बिट्टू, सुखविंदर सिंह राजू भी मौजूद रहे।

## मनरेगा मजदूरों ने की काम दिलाने की मांग

- विधानसभा स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा के बेटे को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जींद में आयोजित होने वाले मनरेगा मेट मजदूरों के आक्रोश प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर सोमवार को मनरेगा मेट एवं मजदूर यूनियन हरियाणा ने विधानसभा स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा के बेटे रूद्राक्ष मिड्ढा को ज्ञापन सौंपा। यूनियन के प्रतिनिधियों ने सरकार से मनरेगा मजदूरों और मेटों की समस्याओं का समाधान करने, बकाया भुगतान कराने, काम शुरू करने तथा अन्य लंबित मांगों पर तुरंत कार्रवाई की अपील की।



जींद। ज्ञापन सौंपते हुए मनरेगा मजदूर। फोटो :हरिभूमि

यूनियन के राज्य अध्यक्ष रमेश चंद्र ने कहा कि मनरेगा में काम बंद होने और मजदूरी रुके रहने से मजदूरों के सामने रोजी रोटी का संकट गहरा गया है। मंगलवार को जींद में होने वाले प्रदर्शन में प्रदेशभर से मनरेगा मेट और मजदूर शामिल होंगे और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होकर आवाज बुलंद करेंगे। यूनियन ने स्पष्ट कहा कि यह प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहेगा लेकिन यदि सरकार ने मजदूरों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया तो संघर्ष और तेज किया जाएगा।

## नहाते समय बच्ची नदी में डूबी

**अंबाला।** शाहाबाद में 14 साल की बच्ची मारकंडा नदी में डूब गई। परिवार अंबाला से अपने बच्चों की लंबी आयु और सुख-समृद्धि की कामना के लिए पूजा करने आया था, मगर नहाने के दौरान इस परिवार की बेटी नदी के बहाव में बह गई। इस बच्ची के साथ उसकी एक सहेली भी नदी में नहा रही थी, जिसे बाहर निकाल लिया गया। कलसाना गांव की रहने वाली संजू देवी दोपहर के समय मारकंडा नदी में नहा रही थी। गांव के और बच्चे भी नदी पर नहा रहे थे। संजू के साथ एक छोटी लड़की 10 साल की नीलम भी थी। दोनों नहाते हुए नदी में आगे चले गए। कुछ देर बाद दोनों बच्चियां डूबने लगी। इनमें से दूसरी बच्ची बाहर आ गई और संजू देवी डूब गई।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### भारतीय योग संस्थान के योग साधकों ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन कर संस्था और क्षेत्र का नाम रोशन किया

## योग साधक मीनाक्षी वालिया ने चेस चैंपियनशिप में मारी बाजी, साधकों ने किया भव्य अभिनंदन

**अंडर-13 कैटेगरी में सरकारी स्कूल पंजालासा के विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर

भारतीय योग संस्थान के योग साधकों ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन कर संस्था और क्षेत्र का नाम रोशन किया। जॉन प्रधान संजय धीमान ने बताया कि भारतीय योग संस्थान की निशुल्क योग कक्षा की केंद्र प्रमुख मीनाक्षी वालिया ने नशे के विरुद्ध अभियान के अंतर्गत गत दिवस अंबाला शहर में आयोजित चेस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर संस्था की गौरवपूर्ण पहचान बनाई। उनकी इस उपलब्धि पर माननीय पुलिस महानिरीक्षक पंकज नैन ने विजेता टीमों एवं प्रतिभागियों को सम्मानित किया। मीनाक्षी वालिया को पुरस्कार स्वरूप इलेक्ट्रिक स्कूटी मिली है। बता दें कि मीनाक्षी वालिया गांव पंजलासा के सरकारी स्कूल में टीजीटी फिजिकल एजूकेशन के पद पर कार्यरत है। इसी प्रतियोगिता में टीजीटी मीनाक्षी वालिया के छात्र रहे अक्षय शर्मा ने ओपन पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर इलेक्ट्रिक स्कूटी जीती है। अंडर-13 कैटेगरी में सरकारी स्कूल पंजालासा के विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। जिनमें परविंदर (8वीं कक्षा) तृतीय स्थान, अंजली (8वीं कक्षा) पांचवां स्थान, आसमा (8वीं कक्षा) दशम स्थान प्राप्त किया।



शहजादपुर। चेस प्रतियोगिता जीतने वाली टीजीटी मीनाक्षी का अभिनंदन करते योग साधक।

#### योग को अपनाकर नशे से दूर रहे

संस्थान के प्रबंधक राजेश वर्मा ने बताया कि भारतीय योग संस्थान के योग साधक समय-समय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे है। उन्होंने कहा कि योग के माध्यम से न केवल शारीरिक आरोग्यता प्राप्त होती है, बल्कि मानसिक, सामाजिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य भी सुदृढ़ होता है। वर्मा ने बताया कि विगत जून मास में हरियाणा योग आयोग, आयुष विभाग एवं खेल विभाग के संयुक्त तत्वाधान में वार हीरोज मेमोरियल स्टेडियम अंबाला कैंट में आयोजित योग प्रतियोगिता में भी संस्था के साधकों ने शानदार प्रदर्शन किया। जॉन प्रधान संजय धीमान ने कहा कि भारतीय योग संस्थान के योग साधक विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय होकर समाज सेवा और स्वास्थ्य संवर्धन में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने सभी देशवासियों और समाज के लोगों से आह्वान किया कि योग को अपनाकर नशे से दूर रहें और स्वयं तथा परिवार को स्वस्थ बनाएं। इस अवसर पर वरिष्ठ योग साधक रामनाथ धीमान, पंडित रमाशंकर, मनोज वालिया, कुलदीप सिंह, अमित वालिया, राजेश वर्मा, संजय धीमान, अजीत त्यागी, विनोद कुमार, रेखा, संध्या, निशु, कृष्णा सहित अनेक योग साधक उपस्थित रहे।